तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 कांजी हाउस बना गोदाम, सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा




## खबर संक्षेप

### आज चिकित्सक आवासीय परिसर का भूमिपूजन

**चिरमिरी।** छग शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल परिसर चिरमिरी में चिकित्सक आवासीय परिसर एवं ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल के सामने बड़ा बाजार चिरमिरी में आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक श्याम बिहारी जायसवाल बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा लोकसभा करेंगी। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनरेश राय महापौर नगरपालिक निगम चिरमिरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंह सभापति नगरपालिका निगम चिरमिरी, मनोज डे (बबलू) एमआईसी लोक निर्माण विभाग नगरपालिका निगम चिरमिरी, मनीष खटिक पार्षद वार्ड क्र. 29 एवं श्रीमती नीलम सालूजा पार्षद वार्ड क्र. 28 की उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में चिकित्सक आवासीय परिसर के लिए 13 करोड़ रूपए एवं ट्रांजिट हॉस्टल के लिए 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।

### आवासीय विद्यालय में तीन छात्रों का चयन

**बैकुण्ठपुर।** शहर में संचालित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के तीन छात्रों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ।



बच्चों के इस सफलता पर छात्रावास अधीक्षक दीपक कुमार पाटले का विशेष सहयोग रहा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस प्रवेश परीक्षा में इस बार प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बैकुंठपुर के छात्र संतोष कुजूर का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग, दिलेश्वर सिंह का प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर तथा संदीप कुमार का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर के लिए हुए। इन छात्रों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन होने पर सहपाठियों में खुशी है एवं शिक्षकों ने उक्त बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 53 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार



**बैकुण्ठपुर।** विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम मधौरा में ऑस्टियोआर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर की पहचान और उपचार के लिए वयोमित्र स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष आयुक्त रायपुर एवं कलेक्टर के निर्देश पर तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर में वृद्धावस्था में प्रचलित अस्थि व अन्य विकारों की निःशुल्क जांच की गई, साथ ही इन रोगों से बचाव और निदान के लिए परामर्श एवं औषधि वितरित की गई। डॉ. सृष्टि गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए आहार-विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या और व्यक्तिगत स्वच्छता पर जानकारी दी। शिविर में कुल 53 मरीजों को लाभ पहुंचाया गया। इस आयोजन में डॉ.आरके शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अमित पुरोहित एवं सुभाष तिग्गा का योगदान रहा।

**होगा विशाल भंडारा** | श्रावण के तीसरे सोमवार को देवराहा बाबा सेवा समिति करती है आयोजन

# बेलों के बाग छुरीगढ़ में विराजे भगवान भोलेनाथ के लिए आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में श्रावण मास के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि कांवड़ यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। कांवड़ यात्रा प्रेमाबाग स्थित देवराहा बाबा मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी, जहां प्रातःकाल 7 बजे कांवड़ियों का विशाल जत्था एकत्र होगा। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु गेज नदी से पवित्र जल भरकर 'हर हर महादेव' व 'बोल बम' के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ करेंगे। यात्रा बस स्टैंड, कुमार चौक, जूनापारा, नरसिंहपुर, मोदीपारा होते हुए छुरीगढ़ धाम पहुंचेगी। यह यात्रा करीब 10 किमी लंबी है, जिसे श्रद्धालु पैदल चलकर तय करेंगे। यात्रा का ⏭ शेष पेज 4 पर



छुरीगढ़ पहाड़ पर विराजे भगवान भोलेनाथ।



मुख्य मार्ग से ऊपर तक बनी सड़क और नाली।



पहाड़ी पर बनी सड़क व सीढ़ी निर्माण।

### हर साल होता है भव्य आयोजन

देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कांवड़ यात्रा में हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। पूरी यात्रा मार्ग में बोल बम के नारे गूंजते हैं और भक्ति का माहौल बना रहता है। यात्रा के दौरान छुरीगढ़ पहाड़ी की तलहटी में विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### यात्रा मार्ग में सुविधाएं विकसित

कांवड़ यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मुख्य सड़क से मंदिर तक रोड व नाली निर्माण किया गया है। साथ ही पहाड़ी चढ़ाई को सहज बनाने के लिए ऊपर तक सीढ़ी व सड़क का निर्माण भी पूर्ण किया गया है, जिससे इस वर्ष श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।

भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण अत्यंत जरूरी

# पीएम आवास के हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से बनाए 500 से अधिक सोख्ता गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए मोर गांव मोर पानी महा अभियान और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आवा पानी झोंकी अभियान ने कोरिया जिले में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम देने शुरू कर दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन और लगातार की जा रही प्रेरक अपीलों से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने अब जलसंरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बना लिया है। बीते 23 जुलाई को जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित 500 से अधिक हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से अपने-अपने घरों के समीप सोख्ता गड्ढ़ों का निर्माण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्य आवा पानी झोंकी अभियान के अंतर्गत किया गया, जो जिलेभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा है। पूर्व में जिले में 660 से अधिक सोख्ता गड्ढ़ों के निर्माण कर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया जा चुका है। इन सभी संरचनाओं को जियो टैगिंग कर जेएसजेबी 2.0 मॉड्यूल में ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इस मुहिम को और गति देते हुए जिले में 24 से 30 जुलाई तक जल संरक्षण सप्ताह भी मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि प्रकृति ने कोरिया को



बनाएं गए सोख्ता गड्ढ़े

अकूत संपदा दी है, इसे बचाने, संवारने की जिम्मेवारी हम सबकी है। सीएम विष्णु देव साय के मंशानुरूप हमने आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण व भूमिगत जल के लिए ऐसे उपाय एक वरदान होगा। वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित कर हम वर्तमान व भावी पीढ़ी को जल संकट से बचा सकते हैं। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सभी विभागों के सहयोग से जलसंरक्षण के लिए लगातार संरचनाएं बनाई जा रही हैं। सभी नव निर्मित जल संरचनाओं को जेएसजेबी 2.0 में दर्ज किया जा रहा है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के सहयोग से कोरिया जिले में जल संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा रहा है।

### 24 हजार पौधे लगाए

पीएम आवास योजना के अंतर्गत जिले में पक्के आवास प्राप्त करने वाले 8 हजार से अधिक हितग्राहियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। प्रत्येक हितग्राही ने अपने आवास के पास तीन-तीन पौधे रोपकर कुल 24 हजार पौधों का रोपण किया। ये पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हितग्राहियों ने स्वयं ली है। वहीं मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोनहत विकासखंड के ग्रामीण किसानों ने प्रशासन की अपील पर अपने खेतों में 5 प्रतिशत मॉडल लागू किया है। इसके तहत किसानों ने अपने खेतों में निश्चित आकार के सीढ़ीनुमा गड्ढ़े तैयार किए हैं ताकि वर्षा जल का संग्रहण और भूजल पुर्नभरण हो सके, इससे क्षेत्र का जल स्तर बढ़ने में मदद मिलेगी। जिले में अब तक एक हजार से अधिक किसानों ने यह मॉडल अपनाया है।

# सिद्धबाबा धाम में होगा विशेष रुद्राभिषेक



**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के पावन अवसर पर आज श्री सिद्ध बाबा धाम में विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। भक्ति व श्रद्धा के वातावरण में कल प्रातः से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कावड़ यात्रा भी निकाली जाएगी। कांवड़िए पवित्र जल लेकर जयकारों के साथ मंदिर परिसर पहुंचेंगे और भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम में नगर व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मंदिर समिति द्वारा रूद्राभिषेक की सभी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जलपान और विश्राम स्थल की व्यवस्था भी की गई है।

### महाकाल की तर्ज पर होता है विशेष श्रृंगार

मनेन्द्रगढ़ स्थित सिद्ध बाबा पहाड़ी, जहां पर केदारनाथ धाम की तर्ज पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए केवल पूजन-स्थल नहीं, बल्कि आस्था, शांति और दिव्यता का प्रतीक बन चुका है। सिद्ध बाबा धाम की यह पावन पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव का भजन मंदिर अपनी वास्तुकला व आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने व शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से पहुंचते हैं। विशेष बात यह है कि इस मंदिर में हर सोमवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार के दौरान शिवलिंग को विविध पुष्पों, वस्त्रों व भस्म से सजाया जाता है।

# जर्जर दीवार गिरी, दबकर मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले में बारिश का कहर जारी है। एक तरफ जहां बारिश के कारण नदी नाले उफान पर आ गए है तो वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के कारण मकान की दीवार गिरने से एक एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इस घटना में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेस्क्यू कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 13 निवासी 40 वर्षीय प्रमोद रवि पत्नी 34 वर्षीया सुनीता देवी, 10 वर्षीया बच्ची राधा, 9 वर्षीया काजल और 8 वर्षीय खुशबु के साथ रहते है। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। इस दौरान मूसलाधार बारिश के बीच भोर के 5 बजे अचानक ही प्रमोद रवि के घर में बगल में स्थित एक जर्जर दीवार धराशायी हो गई। दीवार सीधे प्रमोद रवि के घर की दीवार पर गिरी जिससे प्रमोद रवि के घर की दीवार भी धराशायी हुई। दीवार के साथ प्रमोद के घर का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया और घर में सो रहे दम्पति व तीनों बच्चे समेत 5 लोग मिट्टी के मलबे में दब गए। अल सुबह इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दबे हुए सदस्यों को बाहर निकाला लेकिन इस घटना में 8 वर्षीया मासूम बच्ची खुशबु रवि की मौत हो गई थी जबकि शेष सभी सदस्यों को उपचार के लिए 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने घायलों के उचित इलाज के लिए डॉक्टर से बात की वही घायलों के इलाज के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

# एसईसीएल चिरमिरी आर-6 खदान में हादसा, मजदूर की मौत

**डोमनहिल/कोरिया कॉलरी।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की आर-6 भूमिगत खदान में रविवार को एक भीषण हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान लल्लू प्रसाद निवासी कोरिया कॉलरी के रूप में हुई है। वह प्रथम पाली में कन्वेयर बेल्ट बदलने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन चालू हो गई और वह चलते बेल्ट की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि मजदूर का शव कई टुकड़ों में बंट गया, जिसे कर्मचारियों ने प्लास्टिक में लपेटकर रिजनल हॉस्पिटल पहुंचाया।

एनसीपीएचआर-5 भूमिगत कोयला खदान में एक दर्दनाक हादसे में एसईसीएल कर्मचारी लल्लू प्रसाद पिता साधारण निवासी कोरिया कॉलरी का था और टेण्डल मजदूर के रूप में कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार लल्लू प्रसाद प्रतिदिन की भाँति अपने कार्यस्थल पर पहुंचा था। काम के दौरान वह चलते बेल्ट के रोलर में फंस गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह क्षप्त-विक्षप्त हो गया और





घटनास्थल जिस माइंस में हुई घटना।

मौके पर ही उसकी मौत हो गई। औपचारिकता पूरी करने के लिए उसे रिजनल अस्पताल कुरासियां लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**स्वास्थ्य मंत्री ने जताया दुखः** घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने गहरा दुख जताते हुए एसईसीएल अधिकारियों से चर्चा कर विभागीय उच्च स्तरीय जांच कराए जाने को कहा है। वहीं नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय रिजनल अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजन से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं पूरे मामले में प्रबंधन के अधिकारी मीडिया से बचते नजर आए। किसी ने भी घटना पर स्पष्ट बयान नहीं दिया, सिर्फ इतना कहा गया कि जांच होगी।

577 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, शांति पूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में दिखी तगड़ी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में 27 जुलाई को छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा कोरिया जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई ठोस तैयारियों का असर परीक्षा केन्द्रों में साफ नजर आया। कुल 3,166 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 577 अनुपस्थित रहे, वहीं 2,589 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में सभी केन्द्रों में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया था। मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटे पूर्व बंद कर दिया गया। प्रत्येक परीक्षार्थी की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी ली गई।

हर केन्द्र में एक महिला और एक पुरूष पुलिसकर्मी की तैनाती रही। जानकारी के अनुसार शासकीय रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंजीकृत- 480, अनुपस्थित 83, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत-540, अनुपस्थित 101, ⏭ शेष पेज 4 पर



परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी ।

### प्रशासनिक निगरानी रही मजबूत

परीक्षा की निगरानी के लिए 10 ऑब्जर्वर, 5 रिजर्व टीमें और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। अब परीक्षार्थियों को परिणाम की प्रतीक्षा है, जो व्यापमं द्वारा निर्धारित तिथि पर घोषित किया जाएगा।

### अभ्यर्थियों ने सराहा व्यापमं का प्रयास

परीक्षार्थियों ने व्यापमं की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। चरचा निवासी हेमा राजवाड़े ने बताया कि व्यवस्था अच्छी थी, पेपर भी सरल था। एक परीक्षार्थी ने बताया कि फूल सलवार शूट को नियमानुसार हाफ करवा कर परीक्षा में शामिल हुई। कुसहा निवासी एक परीक्षार्थी ने कहा कि फुल आस्तीन की शर्ट पहन आया था, पास से हाफ बनियान खरीद कर परीक्षा दी। पोड़ी-बचरा की गायत्री बंजारे ने बताया कि छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषण और राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित सवाल आए थे, वहीं तेजल शर्मा ने कहा कि पेपर आसान था, अब रिजल्ट का इंतजार है।

# एमएसएमई उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास और वित्तीय समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रैम्प योजना के तहत इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन होटल राम सेतु बैकुंठपुर में 25 जुलाई को किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने की। मीट के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मितवा बड़ा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। औद्योगिक नीति 2024-30, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजन, जीएसटी, कच्चामाल की उपलब्धता आदि विषयों पर क्रमशः सीए अरिहंत जैन, सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए स्वयम गोयन और सीए विष्णु साहू ने तकनीकी जानकारी साझा की। बैंकिंग क्षेत्र की ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### समस्याओं को लेकर डॉ.रमन से मिले भाजपा नेता

**अम्बिकापुर।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शरद त्रिपाठी ने किसानों की खाद, बीज की समस्या को लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की तथा उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, लुण्ड्रा के जनपद सदस्य राजेश सोनी, सरपंच राम सिंह एवं मनोहर आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने हितग्राहियों को वितरित किया चरण पादुका



**अंबिकापुर।** शासन की योजना के तहत शनिवार को तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया गया। जिला लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित द्वारा उदयपुर वन विभाग कार्यालय के सभागार में आयोजित चरण पादुका वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए और हितग्राहियों को चरण पादुका वितरित किया और शासन के योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान विधायक ने हितग्राहियों को स्वयं चरण पादुका पहनाया।

### अजय बने विकासखंड बलरामपुर के कांग्रेस संगठन प्रभारी

**अम्बिकापुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय सोनी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी



द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की सहमति से बलरामपुर विकासखंड का संगठन का प्रभारी बनाया गया इसके पूर्व में राजपुर संगठन प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके। करीब 3 दशकों से राजनीति में सक्रिय अजय सोनी युवा कांग्रेस शहरी के अध्यक्ष पद पर उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी संगठनात्मक क्षमता से अपनी पहचान बनाए थे। इसके बाद में लगातार कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं वे एवं उनकी पत्नी भी वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद भी रह चुकी हैं। उन्हें प्रदेश संगठन द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के सहमति से बलरामपुर विकासखंड का संगठन का प्रभारी बनाया गया। श्री सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा जो जवाबदारी सौपी गई है उसमें खरा उतरने तथा संगठन को मजबूत बनाने एवं कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा।

### करवां स्कूल में स्कूली बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचने दी गई जानकारी



**बिश्रामपुर।** लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयासरत है, इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर शुक्रवार को लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करवां में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा,साइबर फ्रॉड तथा आधुनिक डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति सतर्क करना था,कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया गया कि बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस या नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनी अपराध है,बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है, साथ ही नवजीवन एवं सुगम सूरजपुर अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों के पालन की अहमियत समझाई गई।चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने साइबर फ्रॉड से जुड़े कई उदाहरण साझा करते हुए बताया कि अनजान वीडियो कॉल को कभी न उठाएं और बैंकिंग लेन-देन में सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह देते हुए बताया कि अगर किसी भी प्रकार का साइबर धोखाधड़ी हो जाए, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।उक्त जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मन में चल रहे संकोच को सवाल-जवाब कर दूर किया एवं जानकारी हासिल की।

### रामनगर डबरीपारा में कुएं में गिरा युवक, हुई मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामनगर डबरीपारा के एक युवक की कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई है।बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर डबरीपारा निवासी 21 वर्षीय लखन पिता चैतू राम गोंड शुक्रवार की रात अपने घर के कुएं में अचानक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम किया एवं मामले को विवेचना में लिया है।

## आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, व्यापारी और राहगीर हो रहे परेशान

# कांजी हाउस बना गोदाम, सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏩ प्रतापपुर

नगर की सड़कें इन दिनों आवारा मवेशियों की शरण स्थली बन चुकी है। कुछ दिनों के भीतर ही नगर में आवारा मवेशियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को खुला छोड़ देने से नगर के अलग-अलग क्षेत्र में मवेशियों के जमावड़ा लगा रहता है जो अब राहगीरों सहित व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि आवारा मवेशियों के लिए नगर पंचायत में लाखो की लागत से कांजी हाउस का निर्माण कराया गया है लेकिन देख रख अभाव में कांजी हाउस गोदाम बन चुका है। ऐसे में सड़क पर डेरा जमाए मवेशी अब वाहन चालकों के दुर्घटना का कारण बन रहे है।

**खास बात**
- नगर पंचायत मूकदर्शक, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण नगर की प्रमुख सड़क पर आवारा मवेशियों के विचरण करने से अब सड़क गौशाला में तब्दील हो गई है। नगर पंचायत के प्रमुख मार्ग कॉलेज चौक, बस स्टैंड, बाजार, राजघराना चौक, कदमपारा चौक, थाना चौक, मंदिर चौक सहित अन्य सड़क पर बड़ी संख्या में जगह-जगह आवारा मवेशियों का झुंड 24 घंटे देखा जा सकता है। शहर के अंदर गली मोहल्लों में भी आवारा मवेशी कई बार लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। शहर के विभिन्न मार्गों को मवेशियों ने अपना बसेरा बना लिया है जो अब राहगीर सहित व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। दिन के समय राहगीर किसी तरह मवेशियों से बच कर आवागमन करते है लेकिन रात के समय शहर के प्रमुख मार्गों पर मवेशियों के बैठे रहने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मुख्य मार्ग होने के कारण रात के समय दो पहिया एवं बड़े-बड़े ट्रकों के आवागमन करने से कई बार मवेशी चपेट में आ जाते है जिससे गंभीर रूप से घायल हो जाते है तो कभी दो पहिया एवं कार सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल हो जाते है।



सड़क पर मवेशियों का झुंड।

**फसलों को पहुंचाते है नुकसान**

दिन हो या रात किसान इन आवारा मवेशियों से परेशान रहते है। नगर से खदेड़ने के बाद मवेशी आसपास के खेतों में पहुंच जाते है जहां फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार तो मवेशी को खुला छोड़ देने वाले पशुपालक के साथ लड़ाई झगड़े की नौबत तक आ जाती है। इन पशुओं का आतंक इतना है कि अगर एक मवेशी खेत की ओर गया तो उसके पीछे बड़ी संख्या में मवेशी खेत पहुंच जाते है और फसलों को नुकसान पहुंचाते है।

**शाम ढलते ही सड़कों पर होता है मवेशियों का झुंड**

नगर के लोगों का कहना है कि प्रतापपुर के आसपास के गांवों से लोग जानबूझकर शाम को गाय-बैलों को खुला छोड़ देते हैं, जो नगर की ओर रुख कर लेते हैं। शाम होते ही सड़कों पर मवेशियों का हुजूम दिखाई देता है। जो राहगीर के साथ व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। दुकानों के सामने गोबर की बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। व्यापारी अपने नुकसान और सड़कों की दुर्दशा से त्रस्त हैं।

**कांजी हाउस बना शो पीस**

प्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र में 20 लाख की लागत से बना हाईटेक कांजी हाउस और गौठान अब कबाड़खाना बन चुका है। कांजी हाउस में जहां आवारा पशुओं को रखा जाना था, वहा अब लोहा, लकड़ी और कचरे का अंबार है। ऐसे में नगर पंचायत की लापरवाही के कारण कांजी हाउस अब शो पीस बनकर रह गया है।

**मवेशियों को खदेड़ा जाएगा**

नगर में न जाने कहां से इतनी मवेशी आ जाते हैं। नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई की जाएगी। नगर में जितने भी आवारा मवेशी है सभी को जंगल की ओर खदेड़ा जाएगा।

-यूसीप्रिया एक्का
सीएमओ नगर पंचायत

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ठेकेदार की इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिश्रामपुर

नगर के रेलवे स्टेशन चौक के आगे एनएच 43 पर हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नगर पंचायत शिवनंदनपुर शांतिनगर निवासी 52 वर्षीय ठेकेदार तपन मैती का आज शनिवार को उपचार के दौरान निधन हो गया।गौरतलब है कि ठेकेदार तपन मैती बुधवार की शाम पैदल चलकर कुछ सामान खरीदने निकले थे।इस दौरान करीब 8 बजे रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के आगे स्थित पूर्व सरगुजा सांसद स्व. मुरारी लाल सिंह के आवास के सामने तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन चालक ने ठेकेदार को जोरदार टक्कर मार दी,यहाँ पर तेज बारिश होने, बिजली बंद रहने से अंधेरा होने व सड़क पर मोड़ होने के दौरान उक्त हादसा हो गया।सिर में गंभीर चोट लग जाने के बाद सड़क किनारे अचेत पड़े ठेकेदार तपन मैती को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए केस को अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। इसी बीच शनिवार की सुबह ठेकेदार तपन मैती ने अंतिम साँसे लीं।प्राप्त जानकारी अनुसार मस्तिष्क में गंभीरचोट पहुँचने से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी।गौरतलब है कि ठेकेदार तपन मैती की सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका रहती थी, मिलनसारिता और मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले तपन मैती की असामयिक मृत्यु से शिवनंदनपुर और बिश्रामपुर क्षेत्र में शोक की लहर बनी है।उनके निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे थे।उनके परिजन की मांग है कि शीघ्र सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं और अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए।इस बीच गमगीन माहौल में ठेकेदार तपन मैती का शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।उन्हें मुखाग्नी उनके इकलौते बेटे व भाई ने मिलकर दी।




- गमगीन माहौल में शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

### रोपा लगाने गई महिला पर मादा भालू ने किया हमला

**बिश्रामपुर।** पहाड़गांव स्थित खेत में रोपा लगाने गई एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर आज शनिवार को जिला पंचायत सदस्य ने पीड़िता के घर पहुंचकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़गांव निवासी समुद्री बाई पति रामदेव पनिका रोजाना की तरह गुरुवार को अपने खेत में रोपा लगाने गई थी,इस दौरान उसी के खेत समीप लगे कटहल के पेड़ में दो नवजात शावकों के साथ बैठी मादा भालू ने किसी खतरे को भाँपते हुए महिला ग्रामीण पर अचानक हमला कर दिया।हमले में समुद्री बाई बुरी तरह घायल हो गई है,शोर व हल्ला सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह मशक्कत कर भालू को मौके से भगाया।गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों ने अंबिकापुर जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया है,गौरतलब है कि पहाड़गांव का क्षेत्र पिलखा पहाड़ से सटा हुआ है जो वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के तौर पर जाना जाता है,इस क्षेत्र में जंगली जानवरों भालू,जंगली सुअर, लंगूर, लकड़बग्घा व अन्य जानवर अक्सर विचरण किये देखे जाते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव समुद्री बाई के निवास पहुंचे।यहाँ पर उन्होंने महिला का कुशलक्षेम जाना और हादसे को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की,साथ ही ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सतर्क रहने की सलाह दी। यहां से जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर डीएफओ को फोन कर आहत महिला को उचित मुआवजा दिए जाने का आग्रह किया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में नियुक्ति नहीं मिलने पर कलेक्टर से शिकायत

**लखनपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका के पदों पर की गई नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। आवेदनकर्ता महिलाओं ने इस मामले कि शिकायत करते हुए पात्र लोगों की नियुक्ति करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा अगस्त 2024 में विकासखंड के ग्राम अंधला के पनिकापारा, इमली गढ़ीपारा और मुड़ापारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन मंगवाए गये थे। रिक्त पदों पर महिलाओं ने आवेदन किया था लेकिन अब आरोप है की चार स्थानों में से तीसरे नम्बर पर सूची में पूजा सिंह थी परन्तु परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र मुड़ापारा और गढ़ीपारा में नियुक्ति कर दी गई लेकिन पनिकापारा और इमलीपारा में नियुक्ति नहीं कि गई। आंगनबाड़ी सहायिका के दो पदों पर नियुक्ति नहीं होने पर पूजा सिंह ने विभाग में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं विभाग ने पुनः वर्ष 2025 में परियोजना अधिकारी के पद पर पनिकापारा और इमलीपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिकाओं कि नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदिका पूजा सिंह ने जनदर्शन में इस गड़बड़ी की शिकायत की है।



इस संबंध में परियोजना अधिकारी असीम शुक्ला ने बताया कि चारों आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रथम और दूसरे स्थान वाले को नियुक्ति दी गई है। नियम में नहीं होने के कारण तीसरे और चौथे पात्र की नियुक्ति नहीं की गई।

### सर्पदंश से पीड़ित ग्रामीण की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम भेड़िया भईयापारा निवासी धरम सिंह आ. दशरथ (38 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में अपने चार बच्चों एवं पत्नी के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11.30 बजे पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर धरम सिंह ने घटना की जानकारी परिजन को परी। परिजन उसे सीधे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबधित दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में दैनिक जीवन से शुगर और तैलीय भोजन को कम करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली को बढ़ावा देना और भोजन संबंधी विकल्पों के दीर्घकालिक प्रभावों के प्रति उन्हें जागरूक करना था। इस अवसर पर एसआरपीआर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार राजवाड़े ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक मीठा और तैलीय भोजन न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि भविष्य में यह हृदय रोग, डायबिटीज, मोटापा और अन्य कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। डॉ. राजवाड़े ने विद्यार्थियों को संतुलित भोजन, अधिक पानी पीने, नियमित व्यायाम और हेल्दी डाइट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली और अपने दैनिक जीवन में बेहतर खाद्य विकल्पों को शामिल करने का संकल्प किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दिन दयाल तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



### मारपीट और लूटपाट के दो आरोपी धराए

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में मारपीट और लूट की गंभीर वारदात में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने ग्राम रक्सापाली से धरदबोचा है। घटना में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल 1 मई को रानीगुड़ा निवासी समीर दास महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने दो दोस्तों के साथ खरसिया बारात से लौटते वक्त पथरी नाला पुल ग्राम नंदेली के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक रोक कर हाथ मुक्के व बेल्ट से मारपीट करते हुए तीनों युवकों से तीन मोबाइल फोन व 3000 रुपये लूट लिए।

## बिजली कटौती से किसान परेशान

**बिश्रामपुर।** सिलफिली विद्युत पावर हाउस से जुड़े 25 से 30 गांव के लोग इन दिनों गहरे बिजली संकट से जूझ रहे हैं।लगातार लंबे समय तक की जा रही बिजली कटौती से किसानों में नाराजगी व्याप्त है।इस मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए सुधार हेतु शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

- किसानों को आर्थिक नुकसान होने का डर सता रहा
- जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले में संज्ञान लेने का किया आग्रह

जिला पंचायत सदस्य ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सिलफिली पावर हाउस से जुड़ा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि कार्य पर आधारित है।यहां के 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण की जनसंख्या किसान के रूप में हैं और उनकी खेती का एकमात्र सहारा बिजली से चलने वाले ट्यूबवेल हैं,लेकिन पिछले कुछ सप्ताह से बिजली की लगातार और अनियमित कटौती के कारण किसानों की फसल को काफी नुकसान हो रहा हैं।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि जब ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो उन्हें कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए कोरा आश्वासन देकर वापस लौटा दिया जाता है।यह जवाब अब ग्रामीणों को अस्वीकार्य महसूस होने लगा है।उन्होंने कलेक्टर से अपील की है कि वे मामले को संज्ञान में लेकर बिजली आपूर्ति को सुचारू और नियमित कराने के लिए जरूरी निर्देश जारी करें, जिससे क्षेत्र के किसान समय पर अपने खेतों की सिंचाई कर सकें और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

### वाहन की टक्कर से राहगीर गंभीर, निजी अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत शांति नगर निवासी तपन कुमार मैत्री (50 वर्ष) गत दिन 8.30 बजे पैदल रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

## पुलिस ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध, नशे से बचाव और बताए यातायात के नियम

हरिभूमि न्यूज ⏩ सूरजपुर

वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है। साइबर सुरक्षा पर जोर देते हुए पुलिस ने छात्रों को अज्ञात लिंक, कॉल या ओटीपी शेयर न करने की सलाह दी। नशे से बचाव, महिला और बाल अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करने को कहा।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में व्यापक तौर पर जन जागरूकता के आयोजन किए जा रहे है जिसमें थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा शहरी सहित विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को चौकी बसदेई पुलिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों से संवाद कर उन्हें यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है, सड़क पर सुरक्षित आवागमन कर सुरक्षित रहने, बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया।



नशे के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में जागरुक कर उसके सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल ने छात्रों बताया कि साइबर फ्रॉड वर्तमान में देश की बड़ी समस्या बनी हुई है। वर्तमान समय में काफी संख्या में लोग साइबर फ्रॉड का शिकार किसी न किसी रूप में हो रहे है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एण्ड्रोईड फोन का सही प्रकार से इस्तेमाल करने, मेल आईडी के पासवर्ड को सही तरीके से क्रियेट करने, सोशल साइटस पर अपनी किसी भी निजी जानकारी शेयर न करने की बात कही।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**सीतापुर।** सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करते हुए ट्रक की तलाश में जुट गई है। उक्त घटना नेशनल हाईवे क्र-43 पर कदम चौक के पास की है। मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत के आजाद वार्ड क्र-13 निवासी 35 वर्षीय प्रेमनंद पैंकरा आ. बलशु पैंकरा सड़क पार कर सामान लेने दुकान जा रहा था। इसी दौरान पत्थलगांव की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

### बारिश के दौरान सतर्कता बरतें और नदी-नालों एवं बांधों के आसपास जाने से बचें

## भारी बारिश से प्रशासन सतर्क, कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ सूरजपुर

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत, सभी एसडीएम, नगर पंचायतों के सीएमओ, ईई पीडब्ल्यूडी, ईई डब्ल्यूआरडी एवं एसडीओ ब्रिज को विशेष निगरानी रखने को कहा है।


कलेक्टर ने कहा कि बीते कुछ दिनों से जिले में लगातार बारिश हो रही है, जिससे जल स्त्रोतों एवं बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड स्टाफ के साथ लगातार संपर्क में रहें और किसी भी आपात स्थिति की तत्काल जानकारी दें। उन्होंने लोगों से कहा कि वे बारिश के दौरान सतर्कता बरतें और विशेषकर नदी-नालों एवं बांधों के आसपास जाने से बचें। जल स्तर के अधिक होने की स्थिति में खतरा बढ़ सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश के कारण यातायात बाधित न हो, इसके लिए जरूरी उपाय किए जाएं ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। जिला प्रशासन द्वारा भैयाथान विकासखंड के सिवारीपारा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण मिट्टी का बना एक बांध टूटने की कगार पर पहुंच गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंचायत व पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बांध क्षेत्र में बाईपास बनाकर पानी को सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की गई, जिससे बस्ती में जलभराव की संभावित आपदा को टाल दिया गया।



साथ ही, पासल स्थित हाइड्रो पावर प्लांट के डैम के सभी 13 गेट एहतियातन खोल दिए गए हैं। इसी प्रकार, लोलकी मार्ग पर स्थित घरहरी नाला भारी बारिश के कारण उफान पर है। सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग पर आवागमन फिलहाल बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की बात कही।

## धूमधाम से मनाई गई संत गहिरा गुरू की जयंती

**अम्बिकापुर।** शहर के मणिपुर वार्ड स्थित गहिरा गुरू आश्रम में संत गहिरा गुरू की जयंती गुरूवार को ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाई गई।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरू के बचपन का नाम रामेश्वर कंवर था। वे रायगढ़ जिले के घने जंगलों के बीच बसे एक छोटे से गांव गहिरा में जन्मे थे। उनका जीवन सेवा, सादगी और सामाजिक उत्थान को समर्पित था। वे विशेष रूप से वनवासी समाज के उत्थान के लिए जाने जाते है, जहां उन्होंने न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए भी अथक प्रयास किए। सनातन धर्म और समाज के लिए उनके द्वारा किए कार्य आज भी प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने कहा कि संत गहिरा गुरू ने सात वर्ष की अल्पायु से ही आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए तपस्या किया और ज्ञान प्राप्ति के पश्चात वनवासी समाज के बीच में जाकर समाज में न केवल धार्मिक और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में काम किया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालय स्थापना की और लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाया। आज सरगुजा संभाग का एकमात्र विश्वविद्यालय उनके नाम पर स्थापित है।



# 'उदयपुर फाइल्स' की नई रिलीज तारीख का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता विजय राज की फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' पिछले काफी समय से चर्चा में है। भरत श्रीनेत के निर्देशन में बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' अब 8 अगस्त को दर्शकों के बीच आएगी। पहले यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। एक इंटरव्यू में भरत ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। सत्य की हमेशा जीत होती है। फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज हो गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह 28 जुलाई को फिल्म रिलीज करने की केंद्र की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करे।

लाइफ Style

# मौनी

## विश्वम्भर में चिरंजीवी के साथ जमेगी जोड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मौनी रॉय पिछली बार फिल्म 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें उनके काम को काफी पसंद किया गया। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। अब मौनी जल्द ही फिल्म 'सलाकार' में नजर आएंगी। उनकी यह फिल्म 8 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।

अब मौनी के खाते में एक और बड़ी फिल्म जुड़ गई है। सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म 'विश्वम्भर' में उनकी एंट्री हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चिरंजीवी की बहुचर्चित फिल्म 'विश्वम्भर' की स्टार कास्ट में अब मौनी शामिल हो गई हैं। वह फिल्म के एक खास गाने पर चिरंजीवी के साथ थिरकती नजर आएंगी।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म में मौनी का जोरदार कैमियो होने वाला है। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण पर है। हैदराबाद में मौनी और चिरंजीवी फिल्म के लिए एक बेहतरीन गाने की शूटिंग कर रहे हैं। 'विश्वम्भर' की बात करें तो इस फिल्म के निर्देशन की कमान मल्लिडी वशिष्ठ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

इस फिल्म में चिरंजीवी की जोड़ी अभिनेत्री तृषा कृष्णन के साथ बनी है। आशिका रंगनाथ, ईशा चावला, सुरभि पुराणिक और कुणाल कपूर जैसे सितारे भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते नजर आएंगे। 'विश्वम्भर' का बजट 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।




## हॉलीवुड मसाला



# घर की दीवारें करती हैं बातें...

लॉस एंजिल्स। कोरियन फिल्म 'वॉल टू वॉल' एक शानदार मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है, जो लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि आते ही नेटफ्लिक्स पर नंबर बन गई है। ये कोरियाई शख्स वू सुंग के ऊपर बेस्ड है। वू सुंग दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में नौकरी करता है। ये शख्स गांव का खेत बेचकर और लोन लेकर एक अपार्टमेंट में घर खरीदता है लेकिन इसके घर की दीवारों से आती अजीबोगरीब आवाजें इसका जीना हराम कर देती हैं। आखिरकार ये शख्स जिम्मेदार को खोज ही निकालता है।



# एंजेलिना की बेटी ने पार्टनर के साथ रहने के लिए छोड़ा घर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस एंजेलिना जोली इन दिनों टेंशन में हैं। एक्ट्रेस की बेटी शिलोह ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात को लेकर एंजेलिना और उसके पूर्व पति और बेटी शिलोह के पिता ब्रैड पिट भी परेशान हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक एंजेलिना जोली अपनी बेटी के इस फैसले से खुश नहीं है। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेट शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही हैं। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें। वह चाहती हैं कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में रहें। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने छह बच्चे हैं। मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और दो जुड़वां बच्चे नॉक्स और विविएन हैं।



# अब मलयालम सिनेमा में दिखाएंगी दमखम


**मुंबई।** सैयामी खेर मनोरंजन जगत की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी आगामी फिल्मों का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा तेलुगु और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। अब सैयामी से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, अब सैयामी मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुद इस खबर पर मुहर लगाई है। बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में सैयामी ने खुलासा किया कि वह मलयालम सिनेमा में कदम रखने वाली हैं, जिसके लिए उन्होंने अभिनेता रोशन मैथ्यू से हाथ मिलाया है। अभिनेत्री ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, मैं रोशन मैथ्यू की फिल्म में कैमियो कर रही हूं। वह एक बेहतरीन फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। म



# रणवीर अब दिनेश के साथ खेलेंगे पारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे। उधर बतौर लीड हीरो उनकी आखिरी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थी, जिसने जोरदार कमाई की थी। रणवीर का नाम तब से अब तक कई फिल्मों से जुड़ चुका है। एक ओर वह आदित्य धर की 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं तो वहीं अब एक नई फिल्म उनके हाथ लग गई है, जिसके निर्माता 'स्त्री 2' और 'छावा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके दिनेश विजान हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिनेश विजान की इस फिल्म का निर्देशन अमित रविन्द्रनाथ शर्मा करने वाले हैं, जिन्होंने पिछली बार अजय देवगन अभिनीत 'मैदान' का निर्देशन किया था। इससे पहले आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म 'बधाई हो' के निर्देशन की कमान भी अमित ने ही संभाली थी।

## टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में खत्म हुआ 'रूही' का सफर

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' पिछले 15 सालों से टीवी पर चल रहा है। ये सबसे लंबे समय से टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले शोज में से एक है। हाल ही में शो में कई सारे ट्विस्ट एंड टर्न आए हैं और ढेर सारे ट्विस्ट के साथ ही कहानी में लीप आया है जिसके बाद शो से कई सारे किरदार बाहर हो गए हैं। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रूही के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस गरविता साधवानी अब शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फैंस को बताया कि वो अब शो का हिस्सा नहीं है और उनका किरदार खत्म हो गया है। फैंस लंबे वक्त से गरविता साधवानी की शो में वापसी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट लिखकर कन्फर्म कर दिया कि वो वापस नहीं आ रहीं हैं और ये रिश्ता में उनका सफर खत्म हो चुका है। एक्ट्रेस ने अपनी स्टोरी में एक मेसेज लिखा जिसमें उन्होंने फैंस को जानकारी दी कि अब वो शो का हिस्सा नहीं हैं। वो अपने पोस्ट में लिखती हैं, 'यह बताना चाहती हूं कि अब मैं 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का हिस्सा नहीं हूं। 'रूही' के किरदार को जो प्यार और अपनापन आप लोगों ने दिया, उसके लिए दिल से शुक्रिया। यह किरदार मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं था, यह एक भावना बन गया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने 1.5 साल तक पूरी मेहनत और दिल से यह किरदार निभाया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। गरविता ने अपने सफर को 'जादुई' बताया और कहा कि हर अच्छी चीज की एक खूबसूरत एंडिंग होती है। रूही का किरदार शो की मुख्य भूमिकाओं में से एक था। शो में आए 7 साल के लीप के बाद दर्शकों को उम्मीद थी कि वे रूही और उनके बेटे दक्ष को फिर से स्क्रीन पर देख पाएंगे लेकिन अफसोस, गरविता ने शो से विदा ले लिया है।


## बिग बॉस' के 19वें सीजन का ऐलान

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का आधिकारिक ऐलान हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस सीजन की मेजबानी भी अभिनेता सलमान खान को ही सौंपी गई है। बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो वीडियो सामने आ गया है, जिसमें बिग बॉस की आंख को इस बार रंग बिरंगा दिखाया गया है। शो के इस लोगो को अब इसकी थीम से जोड़कर देखा जा रहा है। कलर्स टीवी ने 'बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो साझा किया करते हुए लिखा, 'ना चलेगी कोई चाल या नीति, क्योंकि इस बार बिग बॉस में रच जाएगी अनोखी राजनीति।' यह शो कब से शुरू हो रहा है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन इस बार कई बड़े बदलावों के साथ लौट रहा है। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी।




# इन स्टार किड्स ने की थी जबरदस्त शुरुआत एक को मिले थे 30,000 शादी के प्रस्ताव

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'सैयारा' खूब चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन 'आशिकी 2' वाले मोहित सूरी ने किया है, वहीं यशराज फिल्म्स ने इस पर पैसा लगाया है। फिल्म पहले दिन से ही धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर तेजी से 100 करोड़ रुपये कमाने वाली इस फिल्म से चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में कदम रखा है। आइए जानें उन स्टार किड्स के बारे में, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से दिल जीत लिए।



***ऋतिक रोशन को मिले शादी के प्रस्ताव :*** ऋतिक रोशन ने 'कहो ना प्यार है' से बॉलीवुड में कदम रखा था। उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें इंडस्ट्री में लॉन्च किया था। ऋतिक को फिल्म में देखने के बाद लड़कियां इस कदर उनके लिए पागल हो गईं थीं कि उन्हें 30,000 शादी के प्रस्ताव मिले थे। फिल्म में उनकी जोड़ी अमीषा पटेल के साथ बनी थी। फिल्म ने सबसे ज्यादा 92 पुरस्कार अपने नाम किए थे, जिसके चलते इसका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है।



**वरुण धवन :** डेविड धवन के बेटे वरुण धवन भी अपनी पहली ही फिल्म से पर्दे पर छा गए थे। उन्हें करण जौहर ने बॉलीवुड में अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से लॉन्च किया था और इसके बाद वरुण ने एक के बाद एक हिट फिल्म देकर ऐसा धमाल मचाया कि उन्हें बॉलीवुड का दूसरा गोविंदा कहा जाने लगा। वरुण की कॉमेडी से लेकर डांस तक की तुलना गोविंदा से हुई। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी।



**आमिर खान :** आमिर खान एक लंबे अरसे से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। जब वो अभिनेता नहीं बने थे, तब भी उनका कैमरे की दुनिया से पुराना नाता था, क्योंकि उनके पिता ताहिर हुसैन जाने-माने निर्माता थे। आमिर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 1988 में आई फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से की थी। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। न सिर्फ ये सुपरहिट हुई, बल्कि इसने 10 पुरस्कार भी झटक लिए थे।




**सनी देओल :** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल ने भी बॉलीवुड में एंट्री करते ही धमाल मचा दिया था। अगर कोई स्टार अपनी पहली फिल्म से चमक जाए तो उसके लिए ये सोने पर सुहागा हो जाता है। ऐसा ही सनी के साथ भी हुआ था। उनकी पहली फिल्म 'बेताब' थी और सनी ने आते ही दर्शकों को बेताब कर दिया था।

# 'डॉन 3' में 'आज की रात' गाने पर थिरकती आएंगी नजर

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'डॉन 3' हिंदी सिनेमा की सबसे बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो और कोई नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं। इस फिल्म में रणवीर की जोड़ी अभिनेत्री कृति सैनन के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

## डांस करती दिखेंगी कृति

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डॉन 3' में साल 2006 में आई फिल्म 'डॉन' के हिट गाने 'आज की रात' को नए अंदाज में पेश किया जाएगा। इस गाने को शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्माया गया था। 'डॉन 3' के इस गाने में कृति जोरदार डांस करती नजर आएंगी। इसमें अभिनेत्री के साथ अन्य कलाकार भी शामिल होने की उम्मीद है, जिनके नाम पर अभी मुहर नहीं लगी है।



## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

रणवीर इस साल सितंबर तक फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग करने वाले हैं। इसके बाद वह 'डॉन 3' की तैयार में जुटेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कृति के पहले रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। उधर खलनायक की भूमिका के लिए फरहान कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

## निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद दोनों से जुड़ा किया एक बड़ा खुलासा

# प्रियंका चोपड़ा के चक्कर में अक्षय कुमार की जिंदगी में जब मचा बवंडर

*__मुंबई।__ अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार रहे हैं, जो अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे हैं। शिल्पा शेट्टी से लेकर रवीना टंडन तक, उनका नाम कई अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा। प्रियंका चोपड़ा के साथ भी उनके अफेयर की खबरें खूब आईं। अब हाल ही में निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद अक्षय और प्रियंका से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है।*



## 'बरसात' के लिए पहली पसंद बॉबी नहीं, अक्षय थे

साल 2005 में बॉबी देओल, बिपाशा बसु, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'बरसात' आई थी, जो बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म का इतना बुरा हाल हो गया था कि लागत तक वसूलने में भी इसके पसीने छूट गए थे। फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने हाल ही में बताया कि इस फिल्म के लिए बॉबी नहीं, असल में अक्षय निर्देशक की पहली पसंद थे। वह अक्षय, प्रियंका और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## प्रियंका के साथ शूट तक कर चुके थे अक्षय

सुनील बोले, अंदाज' के तुरंत बाद 'बरसात' को एक नए एंगल के साथ एक ट्राएंगल लव स्टोरी के तौर पर डिजाइन किया गया था और अक्षय को मुख्य भूमिका में लिया गया था। उनके पास तारीखें नहीं थीं, जिसकी वजह से उन्होंने तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी, जिसे निर्माताओं ने मान लिया था। सुनील कहते हैं कि उन्होंने पहले ही गाने रिकॉर्ड कर लिए थे और फिल्म के लिए अक्षय-प्रियंका का रोमांटिक ट्रैक शूट हो चुका था।

## ट्विंकल के डर के मारे प्रियंका से बनाई दूरी

निर्देशक ने बताया कि प्रियंका संग अफेयर की खबरों के चलते उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ उनका रिश्ता बिगड़ रहा था, जिसकी वजह से अक्षय को फिल्म छोड़नी पड़ी थी। कहा जाता है कि फिल्म 'अंदाज' में काम करते हुए अक्षय का दिल प्रियंका पर आ गया था। दोनों के अफेयर की खबर ट्विंकल तक पहुंची तो घर में खूब बवाल हुआ था। अक्षय को ट्विंकल ने कसम दिलवाई कि वह अब प्रियंका के साथ दोबारा काम नहीं करेंगे।

## अक्षय बोले- मुझमें या प्रियंका में एक को चुनना होगा

निर्देशक बोले, 18 महीनों तक उनकी तारीखों का इंतजार करने के बाद ऐन मौके पर अक्षय बोले कि वह मेरी इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकते। अक्षय ने मुझसे कहा था कि मुझे उनमें या प्रियंका में से किसी एक को चुनना होगा। मतलब अगर प्रियंका होंगी तो वह फिल्म में काम नहीं करेंगे। मीडिया में अक्षय और प्रियंका के अफेयर की खबरों की चर्चा की वजह से उनकी जिंदगी पर असर पड़ रहा था।

## ऐन मौके पर फिल्म से पीछे हट गए थे अक्षय

*सुनील कहते हैं, जब फिल्म के फाइनल शेड्यूल का समय आया तो अक्षय ने मुझे सेट पर बुलाया, जबकि वह अक्सर खुद ही फिल्म निर्माताओं के ऑफिस में मिलने जाते थे। अक्षय ने मुझसे कहा कि फिल्म की वजह से कुछ ज्यादा दिक्कतें हो गई हैं, जिसका सीधा असर उनकी निजी जिंदगी पर पड़ रहा है। वह बोले कि आपको फैसला लेना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ें। अक्षय की बात सुनकर मुझे जोर का झटका लगा था।*

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय राजपूत क्षत्रिय महासभा की इकाई गठित



**मनेन्द्रगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के महिला विंग की बैठक श्रीमती इंद्रा सेंगर की अध्यक्षता में विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में समाज की महिलाओं की सक्रियता के लिए महिलाओं को क्षत्रिय समाज से जोड़कर सामाजिक गतिविधियों को क्रियाशीलता प्रदान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेकर क्षत्रिय समाज के महिला विंग के पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती मंदिरा सिंह, श्रीमती सरिता सिंह, सचिव श्रीमती कल्पना सिंह, श्रीमती शशि सिंह व कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती चांदनी सिंह के नामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ.पूर्णिमा सिंह, बबीता सिंह, वंदना सिंह, चंद्रकला सिंह, कनन सिंह, ममता राणा, नलिनी सिंह, साक्षी सिंह,नीतू सिंह,अनिता सिंह, कंचन सिंह, प्रीति सिंह सहित क्षत्रिय समाज की काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### अवैध कब्जे की वजह से निर्माण कार्य प्रभावित

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के कोटाडोल तहसील में पदस्थ राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से शासकीय भूमि पर किया गया अवैध कब्जा शिकायत के बावजूद नहीं हटाया जा रहा है, जिससे तहसील मुख्यालय कोटाडोल में आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए ग्राम पंचायत को खाली शासकीय जमीन नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत कोटाडोल के सरपंच ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 थानापारा में आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं हो पा रहा है। मांग पर आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति मिली है। अब वार्ड में नया भवन निर्माण करने के लिए कहीं भी खाली शासकीय जमीन नहीं बची है। कोटाडोल ग्राम में जहां भी शासकीय भूमि थी, सभी भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। अब यही अवैध कब्जाधारी आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वहीं उप सरपंच एवं पंचों ने बताया कि कोटाडोल ग्राम के हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित कार्यालय में सूचना देकर आंगनबाड़ी भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग किया गया है, लेकिन अब तक निराकरण नहीं किया गया है। स्थानीय राजस्व विभाग के कर्मचारियों - अधिकारियों की लापरवाही से आक्रोशित पंचायत प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि कोटाडोल ग्राम में हायर सेकेंडरी स्कूल के बाउंड्रीवाल, शासकीय कार्यालयों, शासकीय आवासों से लगा हुआ, आरक्षित विभागीय भूमि में कई लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके खुलेआम दुकान का संचालन किया जा रहा है, जिसकी शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब थक हारकर कोटाडोल ग्राम पंचायत के चुने हुए जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामवासियों ने जिले के मुखिया से मांग किए हैं।

### नपाध्यक्ष नविता की पहल से हटवाया गया पेड़

# रामपुर में गिरा विशालकाय पेड़, आवागमन रहा बाधित

*पेड़ गिरने के कारण कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**बैकुण्ठपुर।** शहर से लगे रामपुर क्षेत्र में रविवार को सुबह के समय अचानक एक हरा भरा पेड़ का बड़ा हिस्सा अचानक सड़क की ओर गिर गया, इससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया, लेकिन पेड़ गिरने के कारण कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा। सूचना पर नपा अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे की पहल पर तत्काल सड़क पर गिरे पेड़ को कटवाकर हटवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह करीब 10 बजे रामपुर मुख्य मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर के निकट सड़क किनारे एक हरा भरा पेड़ का बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर सड़क की ओर गिर गया।

इस दौरान खुशकिस्मती यह रही कि उस दौरान घटना स्थल पर कोई भी आवागमन नहीं था, इसके चलते बड़ी दुर्घटना घटित होने से टल गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक चयन परीक्षा था, इसके लिए परीक्षा केन्द्र संेट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में जाने के लिए कई परीक्षार्थी गुजर रहे थे, लेकिन जिस दौरान पेड़ के गिरने की घटना हुई उस दौरान घटना स्थल पर सड़क पर किसी ओर से आजावाही नहीं हो रही थी, इसके चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर नपा की टीम के द्वारा सड़क पर गिरे पेड़ को हटाने की कार्रवाई में जुट गए और कुछ देरी के बाद गिरे पेड़ के हिस्से को काटकर हटया गया, इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सका।

### भारी बारिश के कारण कई हरे भरे पेड़ धाराशायी हो रहे



#### आधा घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा मार्ग

रविवार को रामपुर मुख्य मार्ग में गिरे पेड़ की वजह से आधे घंटे से अधिक समय इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। इस दौरान आबकारी आरक्षक चयन परीक्षा के लिए अपने केन्द्र जाने वाले परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सड़क पर पेड़ गिरने पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही कुछ देर के लिए थम गई थी, लेकिन पैदल चलने व बाइक चालक साइड से निकल रहे थे।

#### यहां मौत बनकर खड़ा है सूखा पेड़

कोरिया जिले में हो रही भारी बारिश के कारण कई हरे भरे पेड़ धाराशायी हो रहे हैं, ऐसे में कई जगहों पर सूखे पेड़ आवागमन करने वाले लोगों के लिए मौत बनकर खड़ी, जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस पर प्रशासन को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। इस तरह की स्थिति कलेक्टर कार्यालय के समीप ही मुख्य मार्ग किनारे एक आम का विशाल पेड़ सूख गया है,वहीं पास में स्कूल का भी संचालन होता है। ऐसे में उक्त स्थान पर खड़ा सूखा पेड़ कब आवागमन करने वालों के लिए बड़ा खतरा का कारण बन सकता है, कोई नहीं जानता ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि सुरक्षा की दृष्टि से उक्त जगह के सूखे पेड़ को काटकर हटाए जाने को लेकर पहल करनी चाहिए।

## भारी बारिश से रेलवे क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में भरा पानी



**मनेन्द्रगढ़।** वार्ड क्रमांक 15 स्थित रेलवे क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रेलवे द्वारा निर्मित नाले में अत्यधिक जलभराव होने से पानी का तेज बहाव कई घरों में घुस गया, इससे स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ की टीम तुरंत हरकत में आई और जल निकासी के लिए पंप लगाकर पानी बाहर निकालने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

नगरपालिका द्वारा मौके पर कर्मचारियों की तैनाती कर राहत एवं सुरक्षा कार्यों में तत्परता से जुटाया गया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने स्थिति की समीक्षा करते हुए आश्वस्त किया कि हम जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। किसी भी नागरिक को असुविधा न हो, इसके लिए हमारी टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे प्रबंधन से शीघ्र संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्माण कार्य अथवा सुधार के लिए अपील किया जाएगा, जिससे भविष्य में इस प्रकार की स्थिति से बचा जा सके। जलभराव से प्रभावित नागरिकों ने राहत कार्यों की त्वरित शुरूआत पर नगरपालिका का आभार व्यक्त किया और स्थायी समाधान की अपेक्षा जताई। इस दौरान पार्षद दयाशंकर यादव, ओम प्रकाश जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा, किरण कुजूर, समाज सेवी रवि जैन, नपा से विजय मिश्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### भारी बारिश में भी चला सफाई अभियान



बैकुण्ठपुर। नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा भारी बारिश के बावजूद नेपाल गेट स्थित वाइन शॉप और विश्वकर्मा पूजा पंडाल के सामने फैले कचरे, गाजर घास एवं शराबियों द्वारा फेंकी गई खाली शराब की बोतलों को हटाने का अभियान चलाया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल स्वयं मौके पर मौजूद रहे और सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उनके साथ सफाई कर्मियों ने भी विषम मौसम के बावजूद जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य किया। नगर पालिका की ओर से नागरिकों से स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई है।

## विजय कारगिल दिवस मनाया गया



मनेन्द्रगढ़। विजय कारगिल दिवस राष्ट के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ाने एवं भारतीय सशस्त्र बलों की राजनीतिक दृढ़ता, सैन्य कौशल एवं अद्भुत साहस का विशेष दिवस है। उक्ताशय के विचार पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय विजय कारगिल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त कर रहे थे। आयुर्वेदिक चिकित्सा डॉ. संदीप चंदेल ने कहा कि राष्ट की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हमें हर परिस्थिति में तैयार रहना चाहिए। उन्होंने एमसीबी योग सेवा समिति के विजय कारगिल दिवस के आयोजन पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सैनिकों के बलिदान और समर्पण पर केनद्रित यह कार्यक्रम देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करने की दिशा में एक विशेष प्रयास है, जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं। भारत और पाकिस्तान के सेना के बीच वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध की भारतीय इतिहास में दर्ज विशेष प्रसंगों की चर्चा करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहायक नेत्राधिकारी आरडी दीवान ने कहा कि भारत के इतिहास में कुछ ऐसे युद्ध लड़े गए जो सैनिक पराक्रम के प्रतीक बन गए उसमें से कारगिल युद्ध प्रमुख है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी बने खेतिहर किसान, ट्रैक्टर चलाकर की खेती



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपनी जड़ों से जुड़ाव का परिचय देते हुए सोशल मीडिया पर एक प्रेरणादायक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अपने गृह क्षेत्र रतनपुर खड़गवां में स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेती की और खेत में मेहनत करते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं।

मंत्री श्री जायसवाल ने पोस्ट में लिखा किसान होना गर्व की बात है, अन्न पैदा करना केवल काम नहीं, तपस्या है। इस संदेश के साथ उन्होंने यह भी जताया कि किसान देश की रीढ़ हैं और कृषि केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट सेवा का माध्यम है। बारिश के इस सीजन में प्रदेश के कई मंत्री खेती-किसानी में जुटे हुए हैं। जनता से जुड़ाव और मेहनत की मिसाल पेश करते हुए यह पहल लोगों में खासा चर्चित हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग मंत्री के इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री के मन की बात भाजपा कार्यकताओं ने सुनी



**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को मन की बात के 124 वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरूआत में उन्होंने शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की।

उन्होंने कहा कि जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े। सभी भारत वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई, देशवासियों को गर्व है। पीएम ने कहा कि इससे साइंस-स्पेस को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जागी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 124 वें एपिसोड के अवसर पर पटना मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, महामंत्री सत्यम साहू, रितेश सिंह, राकेश गुप्ता,ज्योति देवांगन, प्रमिला सिंह, अमित सिंह, सुधीर वर्मा, राज कुमार पाण्डेय, रोशन राजवाड़े, अशोक, सुशील जायसवाल, रमेश पोया, सुमंत कांत तिवारी, अनिल ,राजेश गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कौशल तिहार में युवाओं ने दिखाया दमखम



कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** हुनर है तो कद्र है, जीवन में सफल होना है तो हुनरमंद बनो ये प्रेरणादायक शब्द मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने शुक्रवार को जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय कौशल तिहार के दौरान कहे। यह आयोजन छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं राज्य परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी उमेश पटेल के नेतृत्व में किया गया।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षित एवं वर्तमान में प्रशिक्षणरत 40 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता में ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, प्लंबिंग एंड हीटिंग, तथा इलेक्ट्रिशियन इंस्टॉलेशन जैसे ट्रेड्स में युवाओं ने अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वीआईसी समिति द्वारा किया गया। इसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभा को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े और जनपद उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू ने भी संबोधित किया। कॉलेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी युवाओं तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल, जनपद सदस्य राजू साहू, प्राचार्य ए. पन्ना, मोनेश कुमार, विषय विशेषज्ञ हेमंत ठाकुर, महेन्द्र कुमार ठाकुर, राजेश ठाकुर, धीरज कुमार, अशोक कुमार, ज्ञानेन्द्र साहू, कोरिया जनशिक्षण समिति के संचालक भूपेन्द्र सिंह, धनश्याम प्रजापति समेत काफी संख्या में प्रशिक्षक, प्रतिभागी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मर्यादाओं का हो आधार थीम पर बच्चों ने बिखेरी रचनात्मक प्रतिभा



**बैकुण्ठपुर।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को तेरापंथ भवन बाईसागर में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम रही संविधान की धार, मर्यादाओं का हो आधार। प्रतियोगिता में जिलेभर के स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता प्रसाद नेमा, जितेन्द्र कुमार मिश्रा एवं प्रदेश प्रभारी ममोल कोचेटा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निबंध लेखन, चित्रकला, कविता, भाषण तथा एकल व समूह गायन जैसी विधाओं को शामिल किया गया। कक्षा 5 वीं से 8 वीं तक के विद्यार्थियों को समूह 1 और कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को समूह-2 में रखा गया। कार्यक्रम में बच्चों ने संविधान, नैतिक मूल्यों और मर्यादा पर आधारित विचार प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना पाई। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार, जबकि अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के करकमलों से किया गया।

### सरहरी विद्यालय के सामने गिरा बरगद का पेड़, हादसा टला

पोड़मोड़। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आज सुबह सरहरी विद्यालय के सामने स्थित विशाल बरगद का पेड़ धराशाई हो गया। गनीमत था कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय बच्चे क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 10.30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के सामने विशाल बरगद का पेड़ गिर गया जिससे विद्युत पोल सहित तार क्षतिग्रस्त हो गए है। बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई। जिस समय पेड़ धरासाई हुआ उस समय सभी छात्र क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे। प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी व शिक्षक इंद्रबली कुशवाहा ने बताया कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय सभी बच्चे क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे जबकि दो बाइक पेड़ के नीचे ही खड़ी थी जो सुरक्षित है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बेलों के बाग...

समापन बेलो के बाग छुरीगढ़ स्थित ऊंची पहाड़ी पर स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक के साथ होगा।

कोरिया पुलिस ने जारी की आवश्यक सूचना- श्रावण मास के पावन अवसर पर 28 जुलाई को प्रेमाबाग बैकुंठपुर से छुरीगढ़धाम तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यात्रा की व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोरिया पुलिस ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोरिया पुलिस प्रशासन ने बताया कि छुरीगढ़धाम तक जाने का मार्ग सिंगल लेन (एकल रास्ता) है, जिससे किसी भी प्रकार की बाधा या अव्यवस्था से बचने के लिए श्रद्धालुओं को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहन खड़े करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सड़क पर किसी भी प्रकार से वाहन खड़ा करना सख्त वर्जित किया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे वाहन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि तेज आवाज वाले डीजे वाहनों से न केवल ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि इससे आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा में भी बाधा आती है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती...

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत-480, अनुपस्थित 77, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 50, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, महलपारा में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 29, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 240, अनुपस्थित 40, स्वामी आत्मानन्द हिंदी स्कूल खरवत में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 41, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 70, सेंट जोसेफ इंग्लिश स्कूल रामपुर में पंजीकृत परीक्षार्थी 300, अनुपस्थित 70 तथा सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर में पंजीकृत 166, अनुपस्थित 41 रहे।

### एमएसएमई उद्यमियों...

ओर से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रमाकांत सोनी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक शशिभूषण पाटक ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, दस्तावेजों की प्रक्रिया और ऋण से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित एमएसएमई उद्यमियों ने बैंकिंग प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों पर सवाल रखे, जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों ने तत्परता से किया। कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य अजय गुप्ता, सभी प्रमुख बैंकर्स, नए उद्यमी, डीआरपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडल की कमेटियों में युवाओं और महिलाओं को दी जाए प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस सरगुजा के नियुक्त प्रभारी शफी अहमद ने शनिवार को नवनियुक्त ब्लॉक प्रभारियों की एक समीक्षा बैठक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थिति में की। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित इस बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मंडल कमेटियों के गठन में युवाओं को प्राथमिकता देने को कहा।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग और महिलाओं को कमेटी में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई तक मंडल कमेटियों का अनिवार्य रूप से गठन कर सेक्टर और बूथ कमेटियों पर कार्य प्रारंभ करें। बैठक में सरगुजा जिले के प्रभारी शफी अहमद ने मंडल कमेटियों के गठन के लिए 28 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक बुला कार्य पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई तक सरगुजा के सभी 61 मंडल कमेटियां गठित कर उसकी सूची जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपने का लक्ष्य लेकर कार्य करना होगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने मंडल अध्यक्षों की शत प्रतिशत नियुक्ति में अव्वल है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 30 सितंबर तक सरगुजा जिले में मंडल, सेक्टर और बूथ तक कमेटियों का गठन कर कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर ली जायेगी। बैठक में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिंह बलराम यादव, विक्रमादित्य सिंह, श्रीमती मधु सिंह, मो इस्लामुद्दीन, डॉ लालचंद यादव, मुनेश्वर राजवाड़े, ओमप्रकाश सिंह, दुर्गेश गुप्ता, नागेश्वर यादव, अन्य शामिल रहे।

